तापमान

अधिकतम 29 डिग्री

न्यूनतम 25 डिग्री

हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, मंगलवार 16 सितंबर 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



13 भखारा-रायपुर मार्ग पर झपटमारी के लुटेरे गिरफ्तार





14 अभियंता दिवस पर इंजीनियर एम. विश्वेश्वरैया को किया याद




## खबर संक्षेप

### बाढ़ बचाव प्रशिक्षण के लिए मॉक ड्रिल 25 को

**धमतरी।** जिला स्तर पर बाढ़ बचाव प्रशिक्षण के लिए 25 सितम्बर को ग्राम रूद्री में मॉक ड्रिल की जाएगी। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने उक्त अभ्यास के संचालन के लिए संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की है।

### लाईवलीहुड कॉलेज में ऋण शिविर 18 को

**धमतरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले के किसानों और युवाओं के स्वरोजगार के लिए 18 सितम्बर को सुबह 11 बजे से लाईवलीहुड कॉलेज में ऋण शिविर का आयोजन किया जाएगा। लाईवलीहुड कॉलेज के सहायक परियोजना अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम औपचारिकीकरण योजना एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत इच्छुक हितग्राहियों का ऋण प्रकरण तैयार किया जाएगा।

### कचरा फैलाने वाले दो दुकानदारों पर 2500 रुपए जुर्माना



**धमतरी।** शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए नगर निगम लगातार कार्रवाई कर रहा है। इसी क्रम में बुधवार को निगम की स्वच्छता टीम ने गोपाला हॉस्पिटल के बाजू में फैले कचरे की शिकायत पर जांच की। मौके पर पाया कि पास स्थित दो दुकानदार लगातार सड़क किनारे कचरा फैला रहे थे, जिससे आसपास गंदगी और दुर्गंध की स्थिति बन गई थी। निगम अधिकारियों ने दोनों दुकानदारों को समझाइश देने के साथ ही उन पर 2500 रूपए का जुर्माना लगाया। टीम ने स्पष्ट किया कि शहर में स्वच्छता नियमों का पालन अनिवार्य है, और सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकने वालों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार की कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। निगम प्रशासन ने आम नागरिकों और व्यापारियों से अपील की है कि वे गीला और सूखा कचरा अलग-अलग डब्बों में डालकर निगम की गाड़ी को ही दें। सड़क या हॉस्पिटल जैसे सार्वजनिक स्थलों पर कचरा फैलाना न केवल अस्वच्छता को जन्म देता है बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक है।

### गरीबों की जेब में डाका डाल रही साय सरकार : हितेश

**धमतरी।** युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष हितेश गंगवीर ने कहा कि जनता को लुभावने वादे व झूठे



सपने दिखाकर केंद्र व राज्य में भाजपा ने अपना परचम तो लहराया लेकिन जिन मुद्दों को लेकर भाजपा ने चुनाव जीती है। सरकार बनने के बाद तेजी से अपने वादों से मुकर रही है। कमरतोड़ महंगाई, बढ़ते बिजली बिल के दाम, बेरोजगारी, किसानों के किये उर्वरक खाद की कमी, स्कूलों में पुस्तक वितरण जैसे विभिन्न मुद्दे हैं जिनमें प्रदेश की साय सरकार पूरी तरह से विफल साबित हुई है। ट्रिपल इंजन की सरकार को जनता के हित से कोई सरोकार नहीं है। बिजली दर में वृद्धि कर भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ की गरीब जनता को प्रताड़ित करने का कार्य कर रही है। साय सरकार महतारी वंदन योजना का लालच देकर जनता से तीन गुना पैसे की वसूली बिजली बिल बढ़ाकर कर रही है। भूपेश बघेल सरकार की 400 यूनिट बिजली हाफ योजना को पुनः चालू करने व बिजली दर में बढ़ोतरी को लेकर युवा कांग्रेस ने घेराव या चक्काजाम करने का फैसला लिया है।

## जिले के कई छात्रों को नहीं मिली मुफ्त में किताबें, प्राइवेट स्कूलों में भी बुरा हाल

# बिना किताबों के कैसे आएगी शिक्षा में गुणवत्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

मात्र चार दिन बाद तिमाही परीक्षा शुरू होने वाली है लेकिन अब तक स्कूलों में पूरी किताबें नहीं आई हैं। प्राइवेट स्कूलों की स्थिति तो और खराब है जहां पर किताबों की सप्लाई नहीं के बराबर हुई है। सरकारी स्कूलों में भी आधी अधूरी किताबें भेजी गई हैं। अब स्थिति यह है कि छात्र बिना किताब पढ़े ही परीक्षा दिलाएंगे।

शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारने के लिए लगातार प्लानिंग की जा रही है। पढ़ाई का तरीका बदला गया। स्कूलों में सुविधाएं डेवलप की गई। शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए ऑनलाइन कक्षाओं पर फोकस किया जा रहा है। पर ये सारी मेहनत फेल होती नजर आ रही है, क्योंकि स्कूलों में छात्रों के हाथों में किताबें ही नहीं पहुंची हैं। अब बिना किताबों के छात्रों को कितना भी पढ़ा लें, सब उनके सिर से उपर निकल रहा है।

उधर 20 सितंबर से तिमाही परीक्षा भी शुरू होने जा रही है, जिसमें 10वीं से 12वीं कक्षा तक के छात्र शामिल होंगे। यह परीक्षा 27 सितंबर तक चलेगी। प्रश्नपत्र जिला शिक्षा विभाग द्वारा तैयार किया गया है, जिसे पीडीएफ के माध्यम से स्कूलों में भेजा गया है। स्कूल में प्रिंट निकालकर छात्रों में वितरण किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पुस्तकों के बिना छात्रों की पढ़ाई आधी अधूरी है, ऐसे में वे कैसे परीक्षा दिलाएंगे। यह छात्रों को समझ में नहीं आ रहा है।

### 42 हजार किताबों की डिमांड

जिले में प्राइवेट और सरकारी स्कूलों में कुछ किताबों का वितरण किया गया है। इसके बाद भी करीब 42 हजार किताबों की और आवश्यकता है। शिक्षा विभाग द्वारा किताबों की डिमांड भेजी गई है लेकिन अब तक किताबें नहीं पहुंची हैं। लगभग सभी विषयों की किताबों की जरूरत है जिसमें हिंदी, इंग्लिश, सहायक वाचन, सामाजिक विज्ञान, विज्ञान, गणित आदि विषय शामिल हैं। हिन्दी मीडियम और इंग्लिश मीडियम दोनों स्कूल की किताबें पूरी नहीं आई हैं।



### तो हो जाती पढ़ाई शुरू

जिले में कुल 231 प्राइवेट स्कूल हैं। इनमें से अधिकांश स्कूलों में पहले प्राइवेट प्रकाशन की किताबों से पढ़ाई होती थी। महंगी किताबों से पालकों का खर्च बढ़ता देख शासन की ओर से प्राइवेट स्कूलों में इन किताबों से पढ़ाई को कड़ाई से बंद करवा दिया गया। उधर पाठ्य पुस्तक निगम से पुस्तकों की सप्लाई भी नहीं की जा रही है। ऐसे में छात्र इधर के हुए न उधर के। प्राइवेट स्कूलों में पढ़ाई बुरी तरह से प्रभावित हो रही है। स्कूलों में सरकारी किताबों का पीडीएफ निकालकर उसी से पढ़ाई करवाई जा रही है।

### इसलिए आ रही समस्या

पिछले कई साल से किताबों के वितरण में खूब गड़बड़ी हुई है। कहीं पर किताबें सड़ गईं तो कहीं पर रद्दी में बेच दी गईं। इन सब समस्याओं को देखते हुए शासन ने पुस्तक की छपाई से लेकर वितरण तक व्यवस्था कड़ी कर दी है। किताबों में बकायदा क्यूआर कोड दिया गया है, स्केनिंग के बाद ही इन किताबों का वितरण किया जाना है। कई जगहों पर किताबों की स्केनिंग नहीं होने के कारण किताबें वितरित नहीं हो पाई हैं। वहीं पुस्तकों की छपाई भी नहीं होने के कारण शासन से किताबों की सप्लाई अटकी हुई है।

### पढ़ाई प्रभावित नहीं

किताबों की डिमांड शासन को भेजी गई है। स्कूलों में पढ़ाई चल रही है। पुस्तक वितरण काफी हो चुका है। जिन छात्रों को नई किताबें नहीं मिली है, उन्हें पास आउट हो चुके छात्रों से पुरानी किताबों को लेकर उपलब्ध कराया गया है। पुरानी किताबों से पढ़ाई चल रही है। पुस्तक आते ही छात्रों को दे दिया जाएगा।

- अभय कुमार जायसवाल, *जिला शिक्षाधिकारी धमतरी*

# शासकीय जमीन पर कब्जा की शिकायत

- तेंदूकोन्हा के ग्रामीणों ने अतिक्रमण हटाने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

ग्राम पंचायत मथुराडीह का आश्रित ग्राम तेंदूकोन्हा अतिक्रमण की चपेट में है। राजीव मिशन के तहत आरक्षित शासकीय जमीन पर एक राइस मिलर्स सहित अनेक ग्रामीणों के खिलाफ अवैध कब्जा हटाने की मांग कलेक्टर जनदर्शन में की गई है।

सोमवार को कलेक्टोरेट पहुंचे तेंदूकोन्हा के ग्रामीण ढेलूराम, शैलेषकुमार, संतोष, प्रेम भंडारा, रामचरण आदि ने कलेक्टर जनदर्शन में लिखित शिकायत कर कहा है कि गांव के एक व्यक्ति ने एक व्यवसायी को एक एकड़ बीस डिसमिल जमीन बेची थी। इस जमीन में राइस मिल बनाने के बाद मिलर ने अवैध रुप से दो एकड़ शासकीय जमीन पर बाउंड्रीवाल कर लिया है। इसके अलावा करीब एक एकड़ जमीन/खसरा नं. 6/1 जहां राजीव मिशन के तहत पौधरोपण किया गया था, उसके कटवाकर तार फेसिंग कर ली है। इसके अलावा राजीव मिशन के तहत आरक्षित जमीन पर अवैध अतिक्रमण करने के खिलाफ 6 ग्रामीणों की नामजद शिकायत की गई है।



### स्वागत गेट तोड़ा लेकिन बनाया नहीं

तेंदूकोन्हा के ग्रामीण मंशाराम, बुधारुराम, अमरसिंग, कुंजलाल, संतोष, लक्ष्मण, तुकाराम आदि ने जनदर्शन में शिकायत की है कि ग्राम तेंदूकोन्हा में पंचायत के माध्यम से स्वागत गेट बनाया गया था जिसे पंचायत के बिना अनुमति के राइसमिलर ने वाहनों के परिवहन के लिए तोड़ दिया है। सालभर बीतने के बाद भी स्वागत गेट नहीं बनाया है। इस मामले का निराकरण कर स्वागत गेट बनवाने की मांग ग्रामीणों ने की है।

# नशे में धुत पुत्र ने बीमार पिता की हत्या की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी/पुरूर

- ग्राम चंदनबिरही का मामला, पुलिस ने आरोपी पुत्र को किया गिरफ्तार

ग्राम चंदनबिरही के एक युवक ने शराब के नशे में वृद्ध एवं बीमार पिता की हाथ मुक्कों से मारपीट कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

पुरूर थाना अंतर्गत ग्राम चंदनबिरही निवासी यशपाल शोरी उम्र लगभग 36 वर्ष ने घरेलू विवाद के चलते शराब के नशे में अपने पिता लक्ष्मू सोरी उम्र लगभग 70 वर्ष को हाथ मुक्कों से मार-मारकर घायल कर दिया। परिजन उसे शासकीय अस्पताल धमतरी ले गये जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने आरोपी यशपाल शोरी को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया।



### पूरा परिवार था परेशान

मृतक के भाई भूखनलाल सोरी ने अस्पताल चौकी पुलिस को दिए बयान में कहा कि यशपाल सोरी शराब पीने के बाद बदमाशी करता था। घर परिवार के लोगों से मारपीट करता था। युवक की हरकतों को देख उसकी मां सोहद्राबाई सोरी राखी के समय से घर से कहीं चली गई है। घर में पिता व पुत्र रहते थे। शनिवार को यशपाल ने दो साल से लकवा पीड़ित अपने पिता लक्ष्मू सोरी के साथ मारपीट की थी।

### रिमांड पर जेल भेजा

पुलिस ने पंचनामा, पोस्टमार्टम के बाद शव उनके परिजनों को सौंप दिया। मामले की विवेचना कर रहे पुरूर थाना प्रभारी प्रदीप कंवर ने बताया कि घरेलू विवाद के चलते यह घटना हुई है। आरोपी के खिलाफ हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

### कुछ दिन पहले ही ससुराल से अपने गांव आया था

बताया जाता है कि आरोपी आये दिन अपने पिता व अन्य परिवार के लोगों के साथ शराब पीकर गाली-गलौज व मारपीट करता था, जिससे पूरा परिवार परेशान था। विवाद के चलते ही वह अपने ससुराल में रहता था। कुछ दिन पहले ही वह अपने गांव आया हुआ था। सरपंच गोकुलराम ठाकुर ने पुलिस को बताया कि शनिवार शाम को वह अपने साथियों के साथ गांव के बाजार चौक पर बैठा हुआ था, उसी समय लक्ष्मू सोरी के घर से कुछ लोगों के चिल्लाने की आवाज सुनाई दी। मौके पर पहुंचा तो देखा कि यशपाल सोरी अपने पिता लक्ष्मू सोरी के साथ गाली-गलौज कर हाथ मुक्कों से मारपीट कर रहा था। बीच बचाव के बाद विवाद शांत हो गया, लेकिन लक्ष्मू सोरी गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे ग्राम कोटवार लोकेश कुमार के माध्यम से एम्बुलेंस बुलाकर धमतरी जिला अस्पताल ले गये। कोटवार ने घटना की सूचना पुलिस को दी। वहीं इलाज के दौरान लक्ष्मू सोरी की मौत हो गई।

# सरकारी गाड़ियों के संचालन को लेकर आरटीआई कार्यकर्ता ने उठाया सवाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

कलेक्टोरेट के राजस्व विभाग में चल रही सरकारी गाड़ियों के संचालन पर प्रश्न उठाते हुए आरटीआई कार्यकर्ता हरिशंकर मरकाम ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि शासकीय वाहनों की लॉग बुक में ढेरों गड़बड़ियां हैं। उन्होंने शासकीय राशि का दुरूपयोग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

आरटीआई कार्यकर्ता हरिशंकर मरकाम ने बताया कि सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत उन्होंने वर्ष 2024 से जुलाई 2025 तक की लॉग बुक की सत्यापित प्रतियां मांगी थी। दस्तावेजों के परीक्षण के बाद यह तथ्य सामने आया कि किसी भी प्रति में शासकीय वाहनों का पंजीयन क्रमांक (वाहन नंबर) अंकित नहीं है। वाहन नंबर का उल्लेख न होने से यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा कि कौन-सा वाहन कितने किलोमीटर चला है और उसमें कितना ईंधन खर्च हुआ। शासकीय निधि के दुरुपयोग और भ्रष्टाचार की आशंका जताते हुए उन्होंने इस मामले की जांच की मांग की है। जांच में दोषी पाए जाने पर संबंधित अधिकारी और कर्मचारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की भी मांग की है।

## सर्जन की ज्वाइनिंग जल्द होगी

# मेडिकल स्पेशलिस्ट ने जिला अस्पताल में दी ज्वाइनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

जिला अस्पताल में मेडिकल स्पेशलिस्ट डॉ. विकास साहू ने सोमवार को ज्वाइनिंग कर ड्यूटी शुरू कर दी है। वहीं एक सर्जन की ज्वाइनिंग जल्द होने वाली है।

जिला अस्पताल में पदस्थ मेडिसीन स्पेशलिस्ट डॉ. संजय वानखड़े अगस्त माह के अंत में सेवानिवृत्त हो गए। वहीं एक अन्य मेडिसीन स्पेशलिस्ट ने भी अपने वीआरएस से पहले ही अस्पताल छोड़ दिया है। दोनों विशेषज्ञ डाक्टरों के चले जाने से अस्पताल में मेडिकल विशेषज्ञ की कमी हो जाने से मरीजों को बड़ी परेशानी हो रही थी। शासन ने एनएचएम से एक चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. विकास साहू को जिला अस्पताल में पदस्थ किया। वहीं जनरल सर्जरी के लिए डॉ. सिद्धार्थ शंकर सतपथी को जिला अस्पताल भेजा गया।

मेडिकल स्पेशलिस्ट डॉ. विकास साहू ने सोमवार को जिला अस्पताल पहुंच ज्वाइनिंग देकर ड्यूटी शुरू कर दी है। वहीं सर्जन डॉ. सिद्धार्थ बहुत जल्द ओपीडी में मरीजों को सेवा देंगे। मेडिकल स्पेशलिस्ट व सर्जन विहीन हो चुके जिला अस्पताल को इन दो डाक्टरों की नियुक्ति से बड़ी राहत मिली है। वहीं उपचार के लिए भटक रहे मरीजों की परेशानी भी कम होगी। इसी तरह डाक्टरों की कमी के कारण वर्कलोड झेल रहे अन्य डाक्टरों को भी राहत मिलेगी। डॉ. विकास साहू ने ड्यूटी के प्रथम दिवस लगभग 40 पेशेन्ट का चेकअप व उपचार किया। डॉ. साहू ने बताया कि सोमवार को ज्यादातर पेशेन्ट सर्दी, खांसी, बुखार, वायरल फीवर, बीपी, शुगर के थे।



### मेडिकल कालेजों में पदस्थ रहे डॉ. साहू

मेडिकल स्पेशलिस्ट डीएनबी डॉ. विकास साहू ने बताया कि वे स्थानीय गोकुलपुर के रहने वाले हैं। एमबीबीएस की पढ़ाई रायपुर के मेकाहारा में की। पीजी झारखंड में की। वहीं 2021-22 में रायपुर के शंकराचार्य मेडिकल कालेज में सेवा दी। वर्ष 2022-23 में सेल्फ प्रैक्टिस की। वर्ष 2023-24 में कांकेर मेडिकल कालेज में पदस्थ रहे। वर्ष 2024-25 में राजिम के निजी अस्पताल में सेवाएं दीं। सितंबर 2025 से एनएचएम के माध्यम से शासन द्वारा धमतरी जिला अस्पताल में पदस्थ किया गया है। मरीजों का उपचार उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी।

# बेतहाशा बिजली बिल के खिलाफ किसान यूनियन ने बोला हल्ला



- राहत नहीं मिलने पर चक्काजाम करने की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

भारी भरकम बिजली बिल से आम लोगों में आक्रोश पनपने लगा है। कलेक्टोरेट में इसके खिलाफ आए दिन शिकायत हो रही है। इसी कड़ी में सोमवार को छग किसान यूनियन ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन दिया है।

यूनियन के जिलाध्यक्ष घनाराम साहू, दीनदयाल, पवन, रघुनाथ, महावीर साहू, ढेलूराम नेताम, नारायण, पूरनलाल, सुदर्शनसिंह ठाकुर, जितेंद्र साहू, रामविलास साहू, प्रेमलाल आदि ने कहा है कि किसान, मजदूर, आम जनता भारी भरकम बिजली बिल से हलाकान है। सरकार द्वारा 400 यूनिट हाफ बिजली बिल योजना को बंद करने तथा स्मार्ट मीटर लगाने के कारण बिजली बिल तीन से चार गुना अधिक आ रहा है। आसमान छूते बिजली बिल से किसान, मजदूर चिंतित है। लोग बिजली बिल जमा करने में असमर्थ महसूस कर रहे है। यही हाल रहा तो लोगों का जीना मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने लोगों को राहत नहीं मिलने पर शासन-प्रशासन के विरोध में चक्काजाम करने की चेतावनी दी है जिसकी समस्त जवाबदारी शासन-प्रशासन की होगी।

### कम्प्यूटर हार्डवेयर और सुरक्षा गार्ड का मिलेगा प्रशिक्षण

**धमतरी।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत लाईवलीहुड कॉलेज में फील्ड टेक्निशियन एंड कम्प्यूटिंग पेरीफेरल (कम्प्यूटर हार्डवेयर) और सुरक्षा गार्ड का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। कम्प्यूटर हार्डवेयर के लिए 12वीं पास और सुरक्षा गार्ड प्रशिक्षण के लिए 8वीं पास अभ्यर्थी तथा 18 से 45 साल तक की आयु के अभ्यर्थी 24 सितम्बर तक आवेदन कर सकते हैं। सहायक परियोजना अधिकारी ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग 24 सितम्बर को सुबह 11 बजे से लाईवलीहुड कॉलेज में आयोजित होगी।

## जबर्रा के ग्रामीणों ने कलेक्टोरेट में किया प्रदर्शन

# काजल नदी में पुल नहीं बनने से बढ़ा आक्रोश

- मुख्यमंत्री ग्राम सड़क कार्य की जांच कराने की मांग की
- गत दिनों नदी में बहने से एक युवक की हुई थी मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

काजल नदी में आई बाढ़ में एक युवक की बहकर मौत हो जाने से जबर्रा के ग्रामीणों में शासन-प्रशासन के खिलाफ आक्रोश है। सोमवार को पहुंचे ग्रामीणों ने कलेक्टोरेट के सामने प्रदर्शन किया और काजल नदी पर पुल बनाने की मांग की है।

जबर्रा के ग्रामीण रामकुमार यादव, मानिकराम यादव, लोकेश ध्रुव, कृष्णकुमार ध्रुव, दुखवा मरकाम, तीजूराम यादव, देवलाल नेताम, कन्हैया, माधवसिंह मरकाम, लक्ष्मी यादव, आशोबाई यादव, आशोबाई, कौशिल्या आदि ने बताया कि 8 सितंबर को बारिश से काजल नदी में बाढ़ आ गई। नदी पार करने के दौरान जबर्रा के युवक मनिहार नेताम पिता बिशाल नेताम उम्र 38 वर्ष की मौत हो गई, वहीं दो लोग बाल-बाल बच गए। उन्होंने बताया कि तेज बारिश होते ही यह नदी उफान पर आ जाती है।




सुरेंद्र सिंह ध्रुव, पुष्पा नेताम, राजोबाई, देवलाल नेताम ने बताया कि चारगांव फाटक से जबर्रा, मारागांव मार्ग तक मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण की स्वीकृति है। चार साल पहले स्वीकृत इस कार्य का निर्माण शुरू हुआ लेकिन इतने साल बाद भी मार्ग निर्माण आधा है। उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण को अधूरा छोड़े जाने पर विभागीय जवाब कार्य का पैसा खत्म हो जाना मिलता है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते हुए विभागीय जांच कर पुल, सड़क निर्माण पूर्ण करने की मांग की है।

### बजट में शामिल राशि की स्वीकृति की मांग

कार्यालय प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग नया रायपुर अटल नगर ने सचिव छग शासन लोक निर्माण विभाग को जून 2025 में प्राक्कलन तैयार कर कहा है कि वर्ष 2025-26 के बजट में नगरी जबर्रा मार्ग के काजल नदी पर उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण कार्य शामिल है। बजट में शामिल मद क्र. 5631 में 182 लाख के बजट प्रावधान के साथ सम्मिलित उक्त कार्य की लागत 747 लाख है जिसकी प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करने कहा है।


हरिभूमि

पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

### भाजपा मंडल पुरूर में कार्यशाला का किया गया आयोजन

# मोदी के जन्मदिन से शुरू होकर गांधी-शास्त्री जयंती तक चलेगा भाजपा का विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुरूर(धमतरी)





भारतीय जनता पार्टी द्वारा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम की कार्ययोजना और क्रियान्वयन को लेकर भाजपा मंडल पुरूर में कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें मुख्यवक्ता के रूप में जिला महामंत्री राकेश यादव (छोटू) उपस्थित थे, जिन्होंने कार्यक्रम के बारे में कार्यकर्ताओं को विस्तार से बताया।

मंडल स्तर पर आयोजित कार्यशाला में जिला महामंत्री राकेश यादव ने कार्यकर्ताओं को बताया कि 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन से शुरू होकर महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जंयती तक चलने वाला भाजपा का यह विशेष अभियान समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा का संदेश ले जाने का माध्यम बनेगा।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, वृक्षारोपण, सामूहिक स्वच्छता स्वास्थ्य जागरूकता, वंचित वर्गों की सहायता, नमो उद्यान, शासन स्तर पर होने वाले खेल महोत्सव जिसमें एकल एवं सामूहिक खेल, जो कि तीन चरणो में होगा। प्रतिभागी आयु वर्ग पुरूष महिला जिसमें 18 से 40 वर्ष एवं 40 वर्ष से अधिक के प्रतिभागियों के द्वारा जिसमें प्रमुख रूप से खो–खो, कबड्डी, बालीबाल, 100 मीटर दौड़, रस्साकस्सी, गेंड़ी दौड़, गिल्ली डंडा, लम्बीकूद सहित अन्य खेलकूद होगें जिसमें अपने अपने गांव के प्रतिभावान लोग इसमें अधिक से अधिक संख्या में भाग लेंने के लिए युवाओं को हमे प्रेरित करने का प्रयास करना होगा।

प्रधान मंत्री के जन्मदिन के अवसर पर स्वास्थ्य केन्द्रों मे जाकर हमें फल वितरण का करना है। वहीं ब्लाक एवं मडल स्तर पर वोकल फार लोकल और एक पेड़ मां के नाम पर विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। वही सेवा पखवाड़ा के विशेष आकर्षण के रूप में जिला के सभी मंडलों मे विशिष्ट व्यक्तियों की प्रतिभा को चिन्हित कर सम्मानित करने का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रीतम साहू, मंडल अध्यक्ष टुकेश्वर पांडेय, महामंत्री राकेश सिन्हा, यदीप साहू, उपाध्यक्ष मेहत्तर नेताम, होमशंकर साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष त्रिलोकी साहू, जिला पंचायत सदस्य तेजराम साहू, जनार्दन सिन्हा, प्रहलाद साहू, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष डामेश्वरी साहू, रेणुका गजेन्द्र, आरती साहू, संतोषी साहू, बाबूलाल सिन्हा, द्वारिका सिन्हा, सुरेन्द्र तिवारी, संजय साहू, अजेन्द्र साहू, बिसम्भर साहू, कुबेर साहू, नरेश साहू, कमलदेव साहू, केजूराम साहू, रघुवीर साहू, पोखन साहू, भानुप्रताप साहू, भूपेन्द्र साहू, ढालेन्द्र साहू, राजू चौधरी, देवेन्द्र, मनहरण साहू आदि उपस्थित थे।

## 800 महिलाएं निकालेंगी विशाल कलश यात्रा

- राजमिस्त्री मजदूर संघ का आयोजन, ओडिशा के मोर मया के संदेश की होगी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



इस वर्ष भी जय विश्वकर्मा बाबा राजमिस्त्री मजदूर संघ कुरूद द्वारा विश्वकर्मा जयंती समारोह आयोजित किया जा रहा है जिसमें 800 महिलाओं द्वारा विशाल कलश शोभायात्रा नगर में भ्रमण कराने की व्यापक तैयारी की जा रही है। इस दिन सुबह 10 बजे चंडी मंदिर से शोभायात्रा निकालकर दोपहर 1:30 बजे से पुराना कृषि मंडी परिसर में अतिथि स्वागत एवं उद्बोधन पश्चात रात्रिकालीन मनोरंजन हेतु मोर मया के संदेश नाचा पार्टी ग्राम चूल्हाभाठ जिला नयापारा (ओडिशा) का कार्यक्रम रखा गया है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय चन्द्राकर विधायक होंगे। अध्यक्षता श्रीमती ज्योति चन्द्राकर अध्यक्ष नगर पालिका कुरूद करेंगी। विशिष्ट अतिथि हितेन्द्र केला अध्यक्ष राइस मिल एसोसिएशन, रविकांत चन्द्राकर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष, भानु चन्द्राकर अध्यक्ष बोलबम सेवा समिति, तपन चन्द्राकर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष, देवव्रत साहू, उपाध्यक्ष नगर पालिका कुरूद, जितेन्द्र अग्रवाल, कॉन्ट्रेक्टर, पंकज नायडू कॉन्ट्रेक्टर, राजेश पवार कॉन्ट्रेक्टर, विनोद दीवान, अनु. अधि.ज्ञा.या. से. उपसंभाग कुरूद राकेश शुक्ला अनु. अधि. लो.नि.वि. उपसंभाग कुरूद, देवा साहू बीला फैक्ट्री कुरूद, आशीष केला बिल्डिंग एसोसिएशन कुरूद, कृष्णकांत साहू अध्यक्ष भाजपा मंडल कुरूद, पुनेश्वर वर्मा जेके लक्ष्मी सीमेंट डिप्टी मैनेजर योगेन्द्र सिन्हा अध्यक्ष व्यापारी संघ कुरूद होंगे।

## सोलर पैनल लगाने पर सब्सिडी काट कर पेमेंट करने व्यवस्था करे सरकार : हरदेल



**भखारा।** सोलर सिस्टम द्वारा मुफ्त बिजली देने का इतना प्रचार-प्रसार हो रहा है कि हर व्यक्ति सोचता है कि क्यों न मैं भी अपने घर में सोलर पैनल लगाऊं, लेकिन सरकार की सब्सिडी योजना के गलत समीकरण के कारण लोग मायूस हो जाते हैं। यह कहना है भखारा के कृषक डॉ. मोहन हरदेल का। उन्होंने कहा कि सोलर पैनल लगाना है तो पहले पूरा पैसा आपको जमा करना पड़ेगा या लोन लेना पड़ेगा यदि हम जैसे किसान परिवार की मासिक खपत 300 से 400 यूनिट है तो हमे 3केवी का सोलर पैनल लगाने की जरूरत है, तो 2 लाख रुपये की जरूरत है, यदि लोन भी ले रहे हैं तो 2 लाख का लोन लेना पड़ेगा ,जबकि 3 केवी में शासन की सब्सिडी यदि 1 लाख 8 हजार है, तो वह सब्सिडी राशि काट कर बचत राशि उपभोक्ता से लेना चाहिए। डा. हरदेल ने आगे कहा कि बैंक, सरकार के अधीन ,सोलर पैनल बनाने वाली कंपनी भी सरकार के मार्गदर्शन पर चलने वाले हैं, तो उपभोक्ता को सब्सिडी देने के बजाय सोलर पैनल की कंपनी या डीलर को सब्सिडी दी जाए और बचत राशि उपभोक्ता से लेना चाहिए। बरसात का मौसम किसानों सहित सभी वर्ग के लोगों के लिए तंगी का समय रहता है ,यदि शासन सब्सिडी घटाने के बाद बचत राशि जमा करने का नियम बना दे तो बहुत उपभोक्ता अपने घर पर सोलर पैनल लगाने का निर्णय ले सकते हैं। क्योंकि इस समय बिजली बिल देखकर सब का पसीना छूट रहा है।

## ध्यान साधना शिविर का सातवां दिवस संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

चातुर्मास के पावन अवसर पर आचार्य विजयराज म.सा. के आज्ञानुवर्ती विराजित महासती वैभव श्री जी आदि ठाणा तीन की प्रेरणा से सर्व समाज के लिए आयोजित मेडिटेशन कैंप कृषि उपज मंडी प्रांगण में 8 सितंबर से प्रारंभ हुआ है, जो 15 सितंबर तक चलेगा।

सातवें दिन लगभग 480 भाई-बहनों ने उत्साहपूर्वक कैम्प में भाग लिया। दिन रविवार ध्यान साधना के महत्व को प्रतिपादित करते हुए वैभव श्री जी ने कहा कि ध्यान केवल सभाओं में ही नहीं, बल्कि घर पर भी सहजता से किया जा सकता है। उन्होंने सातों चक्रों की हिलिंग की चर्चा करते हुए बताया कि पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश तत्वों के संतुलन से चक्रों का शुद्धिकरण होता है तथा अनेक रोगों पर नियंत्रण पाया जा सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मनुष्य का स्वभाव चंचल होता है, वह निरंतर कुछ न कुछ करने को व्याकुल रहता है, किन्तु ध्यान से मनुष्य के विचार निर्मल होते हैं और जीवन को संवारने की दिशा मिलती है। गुटखा व तंबाकू जैसी बुरी लतों पर प्रकाश डालते हुए म.सा. ने सभी से इसे त्यागने का आह्वान किया और कहा कि इसका दुष्परिणाम केवल व्यक्ति को ही नहीं, पूरे परिवार को सहना पड़ता है।

सहस्त्रार चक्र की साधना कराते हुए म.सा. ने बताया कि जब सहस्त्र कमल की पंखुड़ियाँ खिलती हैं, तो साधक के चारों ओर प्रभामंडल की अद्भुत आभा प्रकट होती है, जो मानसिक तनाव व रोगों को दूर कर परम शांति व मुक्ति का अनुभव कराती है। कल अंतिम दिवस पर आज्ञा चक्र की आराधना होगी, जो सभी चक्रों का नियंता माना जाता है।

शिविर में शांत क्रांति संघ के अध्यक्ष मनोज छाजेड़ ने जानकारी दी कि प्रियंका गोलछा, धर्मपत्नी प्रिंस गोलछा, आठ उपवास एवं दीर्घ तपस्या कर रही हैं। आज के सत्र के फीडबैक का वाचन अजय छाजेड़ ने किया, जबकि सभा का कुशल संचालन अनिल छाजेड़ ने किया।

## सिंधौरीकला में रजत जयंती महोत्सव का आयोजन

- भूतपूर्व छात्र मिलन, एआई साक्षरता, बौद्धिक एवं कैरियर गाइडेंस सेमिनार हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांडेसरा(धमतरी)



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंधौरीकला में रजत जयंती महोत्सव पर कार्यक्रम हुआ। भूतपूर्व छात्र मिलन, एआई साक्षरता, बौद्धिक एवं कैरियर गाइडेंस सेमिनार का आयोजन हुआ। अतिथि के रूप में श्रीकांत मिश्रा शाला प्रबंधन विकास समिति अध्यक्ष एवं कमलेश कुमार दीवान सहायक प्राध्यापक शासकीय महाविद्यालय कंडेल, डीपी बंजारे ड्रीम क्लासेस कुरूद थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती की पूजन वंदन से हुआ व स्कूली बच्चों के द्वारा स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया। भूतपूर्व विद्यार्थियों का स्वागत तिलक लगाकर किया गया। कैरियर से संबंधित जानकारी देते हुए श्री बंजारे ने बच्चों को आगे बढ़ने व प्रतियोगी परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के लिए लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करने की बात कही। सहायक अध्यापक श्री दीवान ने बच्चों को सच्ची घटना पर आधारित उदाहरण देते हुए लक्ष्य प्राप्त करने में इच्छा शक्ति पर जोर देने की बात कही। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग व उसके महत्व पर प्रकाश डाला। अतिथि श्री मिश्रा ने स्व रचित कविता के माध्यम से बच्चों को प्रोत्साहित किया। रजत जयंती समारोह में भूतपूर्व विद्यार्थियों ने अपने विचार प्रस्तुत किये सभी भूतपूर्व विद्यार्थी एवं अतिथियों को विद्यालय परिवार की तरफ से सम्मान स्वरूप भेंट प्रदान किया।

इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य रिखीराम साहू, व्याख्याता डीएन साहू एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं व विद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## छग महतारी कालेज में हुई उन्मुखीकरण कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोर्रा(भखारा)



छत्तीसगढ़ महतारी महाविद्यालय भखारा की राष्ट्रीय सेवा योजना व रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में प्रथम उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र छात्राओं को एचआईवी एड्स की वर्तमान स्थिति से अवगत कराते हुए एड्स के कारणों, लक्षण व बचाव के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

रेणु पटेल ने एचआईवी पॉजिटिव व एड्स के कारणों व लक्षणों की विस्तृत जानकारी दी। डॉ एस के साहू ने समाज में एड्स पीड़ित व्यक्तियों के साथ होने वाले भेदभाव पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि एड्स पीड़ित व्यक्ति समाज का एक अभिन्न अंग है किसी भी कारणवश यदि वह एड्स जैसे लाइलाज बीमारी से ग्रसित हो गया है तो उसके साथ सहानुभूति पूर्वक व्यवहार करने की आवश्यकता है। उनके साथ मित्रवत व्यवहार करने में उसकी जिजीविषा और बढ़ जाएगी। उनके साथ उठने बैठने, खाने पीने, हाथ मिलाने से एड्स का प्रभाव नहीं पड़ता बल्कि असुरक्षित यौन संबंध, एचआईवी पॉजिटिव युक्त रक्त चढ़ाने, एचआईवी से संक्रमित सुई के प्रयोग आदि से ही एड्स फैलता है। साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना व रेड रिबन क्लब के स्वयंसेवकों से एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता अभियान चला कर स्वस्थ समाज बनाने संकल्पित होने पर जोर दिया। स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना की मूलभूत उद्देश्य के साथ साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में इसकी महती आवश्यकता पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ शैलेन्द्र साहू, कार्यक्रम अधिकारी कामताप्रसाद साहू, रेणु पटेल, प्रीति साहू, एम एस साहू, संगीता साहू, किरण साहू, युवराज साहू, इतिबाला सोन सहित छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

### प्रतिभावान छात्रों व सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों का हुआ सम्मान

# गोंडवाना समाज ने मनाया रीति-रिवाज से नवाखाई पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी





गोंडवाना समाज द्वारा तहसील स्तरीय नवाखाई ठाकुर जोहारनी समारोह गोंडवाना भवन नगरी में हर्षोल्लास एवं परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। समारोह का शुभारंभ समाज के आराध्य देव की सेवा-अर्जी कर पारंपरिक पूजा-अर्चना से किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सिहावा विधायक ने कहा कि नवाखाई पर्व केवल अन्नदाताओं का पर्व ही नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा और आस्था का प्रतीक है। यह पर्व हमें प्रकृति से जुड़ने, आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता को मजबूत करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे समाज की गौरवशाली परंपराओं को आगे बढ़ाते हुए अपनी संस्कृति एवं पहचान को सुरक्षित रखें।

जनपद अध्यक्ष महेश गोटा ने संस्कृति संरक्षण पर बल दिया। तहसील सदस्य हरक मंडावी ने सामाजिक एकता और सद्भाव बनाए रखने का संदेश दिया। मीडिया प्रभारी डोमार सिंह ध्रुव ने कहा कि नवाखाई पर्व सामूहिक उत्सव के रूप में सामाजिक एकजुटता का प्रतीक है। जनपद सदस्य प्रमोद कुंजाम ने युवाओं को समाज सेवा एवं सहभागिता के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ. दीप्ति सोरी ने स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान करते हुए संतुलित आहार, स्वच्छता और नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व पर प्रकाश डाला।

समारोह का मुख्य आकर्षण विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम रहे, जिनमें कलाकारों ने परंपरागत गीतों और नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियों से जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता टिकेश्वर ध्रुव अध्यक्ष गोंडवाना समाज सेवा समिति तहसील नगरी ने की। समारोह में पूर्व विधायकद्वय डॉ. लक्ष्मी ध्रुव, श्रवण मरकाम, संरक्षक रामप्रसाद मरकाम, शकुन्तला ठाकुर, बिंदा मरकाम, तहसील उपाध्यक्ष जोहललाल चंद्रवंशी, जितेंद्रवीर कुंजाम, पीलाराम कोर्राम, भगवान सिंह नेताम, महिला अध्यक्ष सतरूपा तमोवंशी, मोहन सिंह कुर्रू अध्यक्ष कर्मचारी प्रभाग, डीआर नेताम सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे। समारोह में प्रतिभावान छात्रों को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही सेवानिवृत्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र नेताम ने किया।

## अंचल की खबरें

### गोल्ड मेडल विजेता का सद्भावना मंच ने किया सम्मान



**मगरलोड।** ग्राम मेघा के रामकरण निषाद पिता गणेशराम निषाद ने 21वीं सबजूनियर अंडर-23 राज्यस्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 44 सेकंड में 400 मीटर दौड़ पूरी कर गोल्ड मेडल जीता। इस उपलब्धि पर सद्भावना मंच मेघा के सदस्यों ने उनका सम्मान किया। सद्भावना मंच के सदस्य रुपेश शर्मा, संतोष साहू, कमलनारायण निषाद, सुभाष साहू, कोमल साहू तथा मेघा सरपंच मनीषा गजेंद्र ध्रुव, डॉ कमल सिंहा, सुभद्रा साहू, केवलराम साहू, वेदराम साहू, तुलेशराम, कृष्णा साहू, आयुष साहू, युवराज साहू एवं खेलप्रेमियों ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएँ दीं है। उनके उज्ज्वल भविष्य और राष्ट्रीय स्तर पर सफलता की कामना की। इस अवसर पर रामकरण की कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण की सभी ने सराहना करते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत सिद्ध होगी।

### मिडिल स्कूल सेमरा बी में हुआ खेलकूद



**जीजामगांव।** सुरक्षित शनिवार छग सरकार की एक पहल है, जिसके तहत विद्यालयों में हर शनिवार को बच्चों को विभिन्न आपदा और स्वास्थ्य संबंधी खतरों से बचाव के साथ-साथ जीवन में खेलों के महत्व पर जोर दिया जाता है। इसी तारतम्य में शासकीय माध्यमिक विद्यालय सेमरा बी में संकुल समन्वयक पीके ध्रुव के मार्गदर्शन में कक्षा 7वीं एवं 8वीं के छात्रों के मध्य कबड्डी एवं छात्राओं के मध्य क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। विजेता छात्र-छात्राओं को प्रधानपाठक राजेन्द्र टंडन ने मेडल एवं पुरस्कार से सम्मानित किया। निर्णायक टीके साहू खेल शिक्षक, पुरुषोत्तम सेन शिक्षक एवं डीपी साहू शिक्षक ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक घनश्याम प्रसाद वर्मा ने किया। अन्य अतिथि लीलेश्वर ग्वाल प्रधानपाठक चांदापारा, भूपेन्द्रसिंह ठाकुर शिक्षक सिलघट, टीकमचंद साहू शिक्षक सुपेला, राकेश साहू शिक्षक प्राथमिक विद्यालय सेमरा बी थे।

### छात्रों ने सीखा अंतरिक्ष का ज्ञान



**मगरलोड।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मगरलोड में अंतरिक्ष ज्ञान अभियान के अंतर्गत एक कदम अनंत की ओर योजना के तहत स्कूली छात्र छात्राओं ने अंतरिक्ष में रॉकेट लांचर, उपग्रह प्रक्षेपण की जानकारी प्राप्त की। प्रेमप्रकाश ने इसरो का गठन एवं अंतरिक्ष स्टेशन रॉकेट लॉन्च करने की विधि एवं उपग्रह को भेजने की तकनीक की जानकारी प्रदान की। दुर्गेश ने एसएलवी, एएसएलवी, पीएसएलवी, जीएसएलवी, एलवीएम की जानकारी प्रदान की। छात्रों ने उत्साहित होकर अंतरिक्ष के संबंध में जिज्ञासा भरे प्रश्न किये ,जिसकी जानकारी दी गई। प्राचार्य पनेश सेन ने सौरमंडल गैलेक्सी एवं नेबुला आदि के संबंध में बच्चों को बताया। इस कार्यक्रम में मुगल, कुरेशी, मरकाम, भारतीय मरकाम, रूपेश्वरी, रूपा, एकता, विनीता, दामिनी, तोमेश आदि उपस्थित हुए।

### गौ विज्ञान परीक्षा हेतु आवश्यक बैठक सम्पन्न



**मगरलोड।** कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी धमतरी के आदेश के तहत गौ विज्ञान परीक्षा 2025 के परिपालन में जिला नोडल अधिकारी शेष नारायण गजेन्द्र, ब्लॉक मगरलोड नोडल अधिकारी दयाराम साहू, ब्लॉक मगरलोड सहायक नोडल अधिकारी डेवेश कुमार साहू, ब्लॉक नोडल अधिकारी धमतरी खोमन लाल साहू,बीईओ मनीष ध्रुव, बीआरसीसी टामेश्वर ठाकुर की उपस्थिति में ब्लॉक मगरलोड के समस्त प्राचार्यों एवं संकुल समन्वयकों की आवश्यक बैठक बीआरसीसी कार्यालय मगरलोड में सम्पन्न हुई। विद्यार्थियों के बीच में गौ माता के प्रति श्रद्धा भाव जागृत करने एवं गौ वंश संवर्धन सुरक्षा हेतु व्यापक जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है। इस संबंध में 4 नवंबर 2025 को विद्यालय स्तर पर गौ विज्ञान परीक्षा आयोजित किया जावेगा। गौ विज्ञान एवं गौ सेवा में रूचि रखने वाले कक्षा 6 वीं से 12 वीं तक अध्ययनरत विद्यार्थी परीक्षा में भाग ले सकेंगे। संकुल प्राचार्य इस कार्यक्रम के लिए संकुल स्तर पर नोडल अधिकारी होंगे। ब्लॉक मगरलोड के नोडल अधिकारी दयाराम साहू एवं सहायक नोडल अधिकारी डेवेश कुमार साहू होंगे। इस प्रकार गौ विज्ञान परीक्षा 2025 से संबंधित समस्त दिशा निर्देश जिला एवं ब्लॉक नोडल अधिकारियों द्वारा प्रदान किया गया।

### पिता की स्मृति में कराया न्योता भोज



**अंवरी।** ग्राम भैंसबोड़ में नारायण साहू ने अपने पिता स्व. मोतीराम साहू की स्मृति में पितृ पक्ष की पंचमी तिथि पर माध्यमिक शाला के बच्चों को न्योता भोज कराया। न्योता भोज में बच्चों को खीर, पूड़ी एवं बड़ा परोसा गया। इस अवसर पर स्कूल के सभी विद्यार्थी, शिक्षकगण समेत अन्य उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### पाहंदा परिक्षेत्र साहू संघ का चुनाव हुआ



■ डॉ. लेखराज अध्यक्ष, रोहित साहू उपाध्यक्ष बने

**धमतरी।** साहू संघ परिक्षेत्र पाहंदा के पदाधिकारियों का चुनाव निर्विरोध किया गया, जिसमें अध्यक्ष डॉ. लेखराज साहू, उपाध्यक्ष रोहित साहू, सचिव डॉ. केशव साहू, संगठन सचिव टेमन गुरूपंच बनाए गए। उनकी नियुक्ति पर साहू समाज ने हर्ष व्यक्त किया है। यह जानकारी डॉ. केशव साहू ने दी है।

### सर्व समाज महासभा की हुई बैठक



**धमतरी।** मगरलोड ब्लाक में सर्व समाज समन्वय महासभा की बैठक जिला अध्यक्ष पद्मनी चंद्राकर व जिला संयोजक दिलीप पटेल की मौजूदगी में हुई। ब्लाक अध्यक्ष जगजीत कौर का मनोनयन किया गया। मौके पर कल्पना पांडेय, संतोष कुमार सोनी, विजय कुमार सेन, अजित कौर, सुखी कुर्रे, भुनेश्वर पटेल, ओमशंकर निषाद उपस्थित थे।

### ग्रामीणों ने ली नशामुक्ति की शपथ





**धमतरी।** नशामुक्ति केंद्र गोकुलपुर द्वारा ग्राम पंचायत पोटियाडीह में नशामुक्ति केंद्र के संचालक डॉ. मनोज साहू के दिशा-निर्देश में नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। नशामुक्ति केंद्र की प्रबंधक सरिता यादव एवं सामाजिक कार्यकर्ता नेहा देवांगन, सिद्धार्थ मेश्राम, डेविड सोम एवं पियर एजुकेटर संतोष नंदेश्वर ने नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बताया। ग्रामवासियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। भारत सरकार द्वारा नशा मुक्त भारत बनाने के उद्देश्य से यह चलाया जा रहा है, जिसका लक्ष्य युवाओं को नशे से बचाना है।

### शिविर में 47 मरीज हुए लाभान्वित



**धमतरी।** महावीर इंटरनेशनल शाखा धमतरी एवं जैन श्वेतांबर मूर्ति पूजक संघ के तत्वावधान में फिजियो थेरेपी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। मुख्यातिथि महापौर रामू रोहरा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रमन लोढ़ा ने की। रायपुर से आए डॉ दीपक जैन एवं उनके सहयोगियों ने शिविर में अपनी सेवाएं दी। शिविर में 47 मरीज लाभान्वित हुए। कार्यक्रम में महावीर इंटरनेशनल शाखा अध्यक्ष ज्ञानचंद लुनावत, भंवरलाल जैन, अशोक पारख, स्वरूप बैद, निलेश लुंकड़, खेमचंद गोलछा, धीरेन्द्र नाहर, डॉ पपेश नाहर, सिद्धार्थ सेठिया, मुकेश जैन, नीलू लुनावत, लीला जैन, निर्मला लोढ़ा, अनीता लुनावत, मनीषा लुंकड़, कविता पारख, रजनी नाहर का योगदान रहा। मौके पर संघ के अध्यक्ष विजय गोलछा, रमन लोढ़ा, खुशालचंद पिंचा, रंजीत छाबड़ा, नेहरू पारख समेत अन्य उपस्थित रहे।

### अछोटा में रामधुनी सुनने उमड़ रहे ग्रामीण



■ पहले दिन धारेश्वर मंदिर से महिलाओं ने कलश शोभायात्रा निकाली

**धमतरी।** पीपर के छैया रामधुनी आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों द्वारा शिव चौक ग्राम अछोटा में रामधुनी प्रतियोगिता 12 से 14 सितम्बर रविवार तक आयोजित की गई है। इस कार्यक्रम में कुल 12 रामधुनी मंडली ने भाग लिया। प्रथम दिवस समिति द्वारा संध्या 5 बजे ग्राम के महानदी के पावन तट पर स्थित धारेश्वर भोले बाबा के मंदिर से महिलाओं द्वारा भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गगई जो कार्यक्रम स्थल शिव चौक पहुंचकर विधि विधान से पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सरपंच श्रीमती संतोषी ढीमर थी। अध्यक्षता ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष खिलेश सेन, सचिव योगेश्वर उर्फ गोलू देवांगन ने की। कार्यक्रम के निर्णायक पीयूष कुमार देवांगन अधिवक्ता, रिपुसुदन देवांगन, केश कुमार सेन शिक्षक तथा मुकेश कुमार गंधर्व शिक्षक हैं।

आरोपियों के कब्जे से दो मोबाइल बरामद

# भखारा-रायपुर मार्ग पर झपटमारी के लुटेरे गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

साइबर एवं भखारा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई ने रायपुर भखारा रोड में दो जगह पर हुई झपटमारी का खुलासा करते हुए एक नाबालिग सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो नग मोबाइल जब्त किए हैं। आरोपियों के विरुद्ध थाना भखारा में दोनों मामलों पर धारा 304(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की गई।

पहली घटना बीते 3 सितंबर की है जिसमें प्रार्थिया श्रीमती टिकेश्वरी गजेंद्र अपने पति के साथ स्कूटी में रायपुर से दल्लीराजहरा की ओर जा रही थी। जैसे ही वे सिलीडीह-सिलतरा मोड़ के पास पहुंचीं, काली रंग की स्प्लेंडर मोटर साइकिल में सवार दो युवकों ने पीछे से आकर उनका मोबाइल फोन झपट लिया और फरार हो गए। दूसरी घटना 9 सितंबर की है जिसमें प्रार्थी शाहिल हुसैन अपनी पत्नी के साथ कांकेर से रायपुर आ रहे थे तभी सेमरा मोड़ के पास उनकी स्कूटी के पीछे बैठी पत्नी के हाथ से दो युवक पर्स झपटकर भाग निकले। पर्स में 30 हजार रुपये नगद, एक मोबाइल फोन व कुछ जरूरी कागजात थे।



#### आरोपियों को रानीतराई से किया गया गिरफ्तार

उक्त दोनों घटना पर थाना भखारा द्वारा तकनीकी साक्ष्य, निगरानी और गोपनीय सूचना के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उन्हें ग्राम बोरिद, थाना रानीतराई, जिला दुर्ग से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में नेतराम बंजारे पिता धरम बंजारे उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम बोरिद थाना रानीतराई जिला दुर्ग छग तथा एक विधिसंघर्षरत बालक, जिसकी पहचान गोपनीय रखी गई है। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने 3 सितंबर 2025 एवं 9 सितंबर 2025 को मोबाइल व पर्स झपटने की बात स्वीकार की है।

#### लूटमारी की रकम आरोपियों ने खर्च की

आरोपियों की निशानदेही पर कुल 2 नग मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं जबकि लूटमारी में लुटे 30 हजार रुपये दोनों आरोपियों ने आपस में बांटकर खर्च कर डाले हैं। दोनों घटना में प्रयुक्त स्प्लेंडर वाहन दोनों घटना के बाद थाना रनचिरई में धारा 185 बीएनएस के अंतर्गत शराब सेवनकर वाहन चलाने के प्रकरण में जब्त है। संबंधित वाहन की जल्द ही विधिवत जप्ती की कार्रवाई की जाएगी। जानकारी यह भी है कि इनमें से एक आरोपी के ऊपर हाफ मर्डर की भी केस दर्ज है। पुलिस ने जनता से अपील है कि सतर्कता बनाए रखें, यात्रा के दौरान कीमती वस्तुएं सुरक्षित रखें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाना या 100, 112 नंबर पर दें।

### विधायक ने दी गुल्फीराम को श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

ग्राम सिर्री के बजरंग मानस मंडली व ग्रामीण साहू समाज के पूर्व अध्यक्ष एवं गांव के वरिष्ठ नागरिक 74 वर्षीय गुल्फीराम साहू के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित करने विधायक अजय चंद्राकर रविवार को सुबह 11 बजे उनके निवास पहुंचे। उनके परिवार के साथ दुख बांटकर हौसना बढ़ाया।



इस अवसर पर नीलमणि साहू, जितेंद्र साहू, नीराबाई साहू, भाजपा सिर्री मंडल अध्यक्ष डॉ. लोकेश साहू, सरपंच देशान्त सिन्हा, पूर्व मंडी अध्यक्ष झागेश्वर ध्रुव, घनश्याम साहू, ग्राम पटेला सालिकराम साहू, लेखराम सिन्हा, अछोटी सरपंच पूरन लाल घृतलहरे, नारायण साहू, सीतेश्वर सिन्हा, जनक कुंभकार, उत्पल घिवरिया, हीरालाल साहू, नैनसिंग साहू, धनेश बंजारे, शोभाराम पटेल, देवसिंग साहू, लोचन साहू, हिरेन्द्र साहू, कोमल साहू, तोषल साहू, नीरा बाई साहू, रुपेश्वरी साहू, सुमित्रा साहू, श्यामलाल साहू, जीवनाथ साहू, हरीश साहू सहित अन्य ग्रामीण शामिल हुए।

### सांकरा में 17 को विश्वकर्मा पूजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

जय मां दन्तेश्वरी भवन एवं अन्य सन्निर्माण मजदूर संघ सांकरा के तत्वावधान में 17 सितंबर बुधवार को विश्वकर्मा मूर्ति की स्थापना की जायेगी। संरक्षक तीरथराम साहू, अध्यक्ष हीरसिंग निषाद, उपाध्यक्ष कमलेश साहू, सचिव हेमंत साहू, महामंत्री ईश्वर निषाद, कोषाध्यक्ष परमानंद साहू, सहसचिव खेलन मरकाम, टाकेश नागे ने बताया 17 सितंबर को सुबह पूजा- अर्चना, अतिथि उद्बोधन, सम्मान व रात्रि में छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम दुष्यंत हरमुख कृत रंगझरोखा ग्राम सकरोद जिला धमतरी का कार्यक्रम मानस मंच में होगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सार्वा होंगे। अध्यक्षता अध्यक्ष जय मां दन्तेश्वरी रा.मि.संघ सांकरा करेंगे। विशेष अतिथि जनपद सदस्य राजेश गोसाईं, सरपंच सांकरा नागेन्द्र बोरझा, हिन्छापुर सरपंच अमन ध्रुव, सरपंच भोथली अमरसिंह नेताम, सरपंच खम्हरिया संत कुमार मरकाम, सरपंच रानीगांव कुशलाल चतुर, सरपंच मल्हारी दिलीप सोम, सरपंच उमरगांव अंजना ध्रुव, सरपंच नवागांव नगिना सोम, सरपंच मौहाबाहरा भुनेश नेताम, सरपंच बोड़रा शत्रुघन नाग, उपसरपंच सांकरा हरीश साहू, वरूण सोम, गिरधारी साहू, श्रवण कुमार सूर्यवंशी, दीपेश निषाद, अश्वनी निषाद होंगे।

### स्काउट्स एवं गाइड्स ने साहसिक गतिविधियों में लिया भाग



**धमतरी।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य मुख्यालय रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा ग्राम -जलकी सिरपुर, जिला महासमुंद में 8 से 11 सितंबर 2025 तक आयोजित एडवेंचर हाईक, आपदा प्रबंधन एवं प्राकृतिक अध्ययन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में छत्तीसगढ़ के धमतरी जिला व रायगढ़ के प्रतिभागियों की सहभागिता रही। राज्य मुख्यालय से शिविर संचालक के रूप में भावेश चंद्राकर शामिल रहे। जिला धमतरी से प्रभारी स्काउट डुवेंद्र कुमार मंडावी, प्रभारी गाइड श्रीमती राधिका नेताम रही। राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव के निर्देशन में यह आयोजन किया गया। प्रतिभागियों को प्रकृति, संस्कृति व साहसिक गतिविधियों से जुड़ने का अवसर मिला, जो स्काउटिंग भावनाओं सहित काफी रोचक व अविस्मरणीय रहा। इसमें जिले के प्रतिभागियों ने गतिविधियों के साथ साथ पाली गार्डन (गुलाब का बगीचा) सहित वनस्पतियों का अध्ययन किया। साहसिक गतिविधि जैसे रोप ब्रिज, मंकी ब्रिज, टायर वॉल क्लाइंबिंग, आर्चरी, वोटिंग में भाग लेकर अपने अदम्य साहस का परिचय दिया। आयोजन में प्रतिभागियों के लिए अनोखा और शानदार अनुभव रहा। साथ ही रात्रि कालीन शिविर ज्वाल में धमतरी जिले की सहभागिता रही। राज्य स्तरीय एडवेंचर शिविर के सफलता पूर्वक संपन्न होने के उपरांत जिला मुख्य आयुक्त चेतन हिंदुजा, जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त अभय कुमार जायसवाल, जिला अध्यक्ष गणेश प्रसाद साहू, जिला सचिव डीके साहू, डीओसी नेमलाल गंगेले, हीना भेंसले, वि.खं शिक्षा अधिकारी धमतरी लीलाधर चौधरी, वि.खं सचिव सोहनलाल साहू, वि.खं शिक्षा अधिकारी कुरूद साहू सर, सचिव ऐश कुमार साहू, वि.खं.शिक्षा अधिकारी मगरलोड ध्रुव सर, सचिव मानसिंह कपूर, वि.खं. शिक्षा अधिकारी नगरी के.आर. साहू, सचिव दूधेश्वर साहू एवं सभी स्काउटर, गाइडर ने हर्ष व्यक्त किया है।

### अधिकांश दिव्यांगों का नहीं बना विशिष्ट पहचान पत्र




■ हितग्राहियों ने पंचायत स्तर पर शिविर लगाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

दिव्यांग प्रेरणा जनकल्याण समिति की मासिक बैठक विगत दिनों कुरूद विकासखण्ड के ग्राम कोलियारी में शिवचरण साहू की मौजूदगी में हुई। जोरातराई, भेंडसर, अंवरी, नवागांव, खपरी, भखारा के आसपास गांवों के लगभग चालीस दिव्यांगजनों ने बैठक में हिस्सा लिया।

बैठक में 70 प्रतिशत दिव्यांगता वाले दिव्यांगजनों को बैटरीचलित मोटराइज्ड टाइसाइकिल के लिए पंजीयन किया गया तथा नेत्रबाधित लोगों के लिए इलेक्ट्रानिक चश्मा की जानकारी दी गई।

सिलाई में दक्ष दिव्यांगजनों को कैरीबेग बनाने तथा घरेलू महिला को दोना पत्तल निर्माण के लिए प्रेरित किया गया। गरीबी रेखा की अनिवार्यता के कारण अधिकांश दिव्यांगों ने पेंशन नहीं मिलने की बात कही। कार्यक्रम में छग निर्माण के पच्चीस वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती समारोह अंतर्गत समाज कल्याण विभाग के बैनर तले नशामुक्त अभियान के लिए सभी आंगतुकों को शपथ दिलाई गई।

बैठक में अध्यक्ष संतोषी विश्नोई, बसंत कुमार विश्नोई, रोहित साहू, डेरहाराम, नीलकंठ, सुमन मेश्राम, सुलोचना, सुलेखा अली, शिवचरण की उपस्थिति रही। घनश्याम सिंह साहू ने बताया कि अधिकांश दिव्यांगों का विशिष्ट पहचान पत्र नहीं बन पाया है। इसके लिए पंचायत स्तर पर शिविर लगाने की मांग की।

### कुकरेल से नरहरा जलप्रपात मार्ग खराब



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुकरेल(धमतरी)

बारिश में ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों की हालत बेहद खराब हो गई है। नरहरा जलप्रपात एक खूबसूरत पिकनिक स्थल के रूप में जाना जाता है लेकिन यहां तक पहुंचने का मार्ग खराब है। कुकरेल क्षेत्र के अंदर यह मार्ग करीब 20 गांव को जोड़ता है और सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढों के कारण ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। बरसात के मौसम में कुकरेल से बाजार कुर्रीडीह और नरहरा तक जाने वाले इस मार्ग पर ग्रामीण और पर्यटक दोनों ही गंभीर समस्याओं से जूझते हैं।

स्कूली बच्चों को आने-जाने में बहुत ही मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। करीब 20 गांवों के लोग प्रभावित हो रहे हैं।

कुकरेल के उपसरपंच अशोक यादव, बाजार कुर्रीडीह के सरपंच नरेश मरकाम, बनबगौद के रघुवीर साहू और कांटाकुर्रीडीह के विजय साहू ने बताया कि इस सड़क की मरम्मत के लिए लंबे समय से मांग की जा रही है लेकिन अब तक कोई ठोस परिणाम नहीं मिला है। रात के समय इस मार्ग पर यात्रा करना जोखिम भरा हो जाता है। जर्जर सड़क के कारण आवाजाही में असुविधा होती है वहीं जंगल के बीच होने के कारण वन्य प्राणियों का डर भी बना रहता है।

### पितृ नवमी पर मुक्तिधाम में हुआ दीपदान





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

हटकेशर वार्ड स्थित मुक्तिधाम में पितृ नवमी सादगी के साथ मनाई गई। मुक्तिधाम समिति हटकेशर के पदाधिकारी उगेश बंसोर ने बताया कि प्रतिवर्ष पितृ पक्ष की नवमी तिथि पर स्वर्गीय मातृ शक्तियों के श्राद्ध में हटकेशर मुक्तिधाम में दीपदान एवं रामायण का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में सोमवार को वार्डवासियों ने दीपदान किया। मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा, हटकेशर पार्षद सूरज गहरवाल, मुक्तिधाम समिति के कार्यकारिणी सदस्य शांतिलाल देवांगन, लक्ष्मीनारायण साहू, गिरधर देवांगन, गैंदूराम साहू, श्यामलाल देवांगन, यशवंत देवांगन, देशराम ध्रुव, लखन साहू, संतोष देवांगन थे।

### कृषि अधिकारी संघ ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

कृषि विभाग के छग कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ के प्रांतव्यापी आव्हान पर द्वितीय चरण में अपनी नौ सूत्रीय मागों की पूर्ति हेतु मुख्यमंत्री छग शासन एवं कृषि मंत्री कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जन प्रौद्योगिकी विभाग के नाम से कुरुद एसडीएम नभसिंह कोशले को ज्ञापन सौंपा गया।

इससे पहले प्रथम चरण में शासन के ध्यानाकर्षण हेतु सभी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों द्वारा 8 एव 9 सितम्बर को काली पट्टी लगाकर कार्य किया गया। बावजूद उनकी मांगे लंबित रहने पर द्वितीय चरण में ज्ञापन सौंपने का कार्य किया गया।

प्रांतीय महामंत्री मोहित मोहित जैन ने बताया कि विरोध स्वरू कुरुद एसडीएम को ज्ञापन दिया गया है एवं संघ के सभी सदस्यों द्वारा बिना संसाधन भत्ता के ऑनलाईन कार्यों का निष्पादन आज से नहीं किया जाएगा।

ज्ञापन सौंपने वालों में प्रांतीय महामंत्री मोहित जैन, संगठन मंत्री जितेन्द्र सोनकर, ब्लाक अध्यक्ष कल्याणसिंह ध्रुव, जिला सहसचिव देवेन्द्र मंडावी, प्रेमलाल ठाकुर, अभिषेक श्रोती, अंबरीश चंद्राकर, योगेन्द्र साहू, बेसैन्द्र सोन, डीग राम पटेल, टिलेश्वर बैस, दिलीप साहू, चंद्रभान ठाकुर, अश्वनी सिन्हा, खलेन्द्र साई, गिरिराज, किशोर सिन्हा आदि उपस्थित थे।

### नाम परिवर्तन सूचना

समक्ष-श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी एवं कार्यापालिक दण्डाधिकारी धमतरी (छ.ग.)

**// शपथपत्र //**

मैं शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरा नाम राकेश कुमार साहू (RAKESH KUMAR SAHU) पिता मोहन लाल साहू (MOHAN LAL SAHU) सत्य एवं सही है।

यह कि मेरे शैक्षणिक दस्तावेज में मेरा नाम कक्षा पांचवीं एवं कक्षा आठवीं में राकेश कुमार साहू दर्ज है तथा कक्षा 10वीं एवं 12वीं में मेरा नाम राकेश कुमार अंकित है। ये दोनों नाम मेरे ही है और एक ही व्यक्ति है।

यह कि मेरे आधार कार्ड 6576 7317 3533 में एवं पेन कार्ड पासपोर्ट जन्म प्रमाण पत्र जाति प्रमाणपत्र, स्तानातक प्रमाण पत्र में भी मेरा नाम राकेश कुमार साहू दर्ज है।

यह कि अब मुझे मेरे वास्तविक नाम राकेश कुमार साहू (RAKESH KUMAR SAHU) पिता मोहन लाल साहू (MOHAN LAL SAHU) के नाम से जाना व पहचाना जायेगा। अतएवं उपरोक्त तथ्यो की पुष्टि में यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

**शपथकर्ता**
**राकेश कुमार साहू**
**पिता - मोहन लाल साहू**
**आमातालाब रोड, पोष्ट ऑफिस वार्ड धमतरी**
**तह. व जिला- धमतरी (छ.ग.)**

## नवरात्रि पर्व पर 51 गायत्री मंत्र लेखन का लिया संकल्प

**कन्या परिसर छात्रावास दुगली में कौशल शिविर का आयोजन**

**नगरी।** ब्लॉक अखिल विश्व गायत्री परिवार, प्रज्ञा महिला मंडल राजपुर इकाई, ग्राम दुगली की महिलाओं द्वारा कन्या परिसर छात्रावास दुगली में एक दिवसीय कन्या कौशल शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कक्षा 9वीं से 12वीं तक की कुल 111 कन्याओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

नगरी से पहुंची महिलाओं ने कन्याओं ने विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया। मुख्य सत्रों में परिष्कृत व्यक्तित्व निर्माण के सूत्र, कन्या जीवन एवं स्वास्थ्य संबंधी सूत्र, बुद्धि-विकास की वैज्ञानिक विधियां, गायत्री मंत्र जप एवं लेखन का महत्व पर व्याख्यान एवं गतिविधियां आयोजित की गईं। शिविर के दौरान गायत्री मंत्र जाप एवं लेखन का अभ्यास कराया गया, जिसमें कन्याओं ने उत्साह दिखाया। साथ ही आगामी नवरात्रि पर्व के अवसर पर 51 गायत्री मंत्र लेखन का संकल्प भी लिया गया। इस अवसर पर छात्रावास की कन्याओं ने आत्मविश्वास, अनुशासन और श्रेष्ठ जीवन मूल्यों को आत्मसात करने की प्रेरणा प्राप्त की। महिला मंडल की महिलाओं ने घोषणा की कि भविष्य में पुनः इस प्रकार के शिविर आयोजित किए जाएंगे।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

सबको हंसाने वाला सो गया

## हास्य व्यंग्य कवि सुरजीत का निधन

**धमतरी।** प्रसिद्ध हास्य–व्यंग्य कवि, अखिल भारतीय कवि सम्मेलनों के लोकप्रिय मंच



संचालक तथा जिला हिंदी साहित्य समिति के संरक्षक सुरजीत नवदीप अब हमारे बीच नहीं रहे, सोमवार को उनका निधन हो गया। उनकी लेखनी, हास्य की सहज शैली, समाज की जटिलताओं पर व्यंग्यात्मक टिप्पणी और मंचीय उपस्थिति ने उन्हें पूरे देश में एक विशिष्ट पहचान दी थी। सुरजीत नवदीप का जन्म 1 जुलाई 1937 को मंडी भवलदीन, पंजाब जो वर्तमान में पाकिस्तान में स्थित है में हुआ। उन्होंने उच्च शिक्षा प्राप्त कर एम.ए. हिंदी के साथ बी.एड. और सी.पी.एड. की उपाधियां अर्जित की। शिक्षा के क्षेत्र में दीर्घकालीन सेवा देने के बाद वे सेवानिवृत्त होकर स्वतंत्र लेखन और साहित्य सेवा में सक्रिय रहे। वे छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के सदस्य भी रह चुके थे। हास्य और व्यंग्य की सहज शैली में गंभीर सामाजिक मुद्दों को प्रस्तुत करने की कला उनके व्यक्तित्व की पहचान थी। वे मंच पर जहां हास्य का रस घोलते थे वहीं समाज की विसंगतियों पर गंभीर चिंतन भी प्रस्तुत करते थे। युवा पीढ़ी के लिए वे प्रेरणास्रोत बने। श्री नवदीप का नाम हिंदी हास्य–व्यंग्य कविता में सम्मानपूर्वक लिया जाता है। उन्होंने न केवल कविताओं का लेखन किया बल्कि देश की विविध पत्र-पत्रिकाओं में गीत, गजल, हास्य-व्यंग्य कविता और कहानियों का प्रकाशन भी किया। रेडियो और दूरदर्शन में अनेक बार काव्यपाठ तथा कार्यक्रमों का संचालन कर साहित्य प्रेमियों के बीच लोकप्रियता अर्जित की।

**शोक में डूबा साहित्य जगत :** कवि नवदीप निधन से धमतरी ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश का साहित्यिक समाज शोकाकुल है। उनकी रचनाएं, उनकी आवाज, उनकी उपस्थिति मंचों को जीवंत बनाती थी। साहित्य प्रेमी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी स्मृतियों को साझा कर रहे हैं। धमतरी जिला हिन्दी साहित्य समिति के अध्यक्ष डुमन लाल ध्रुव ने साहित्य समिति परिवार की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि " हास्य के साथ-साथ समाज की गंभीरताओं पर ध्यान आकर्षित करने वाला यह व्यक्तित्व हमेशा प्रेरणा देता रहेगा। "

छत्तीसगढ़ डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन ने चाणक्य भवन में रखा कार्यक्रम

# अभियंता दिवस पर इंजीनियर एम. विश्वेश्वरैया को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अभियंता दिवस पर 15 सितंबर सोमवर को लोगों ने महान इंजीनियर डा. एम. विश्वेश्वरैया को याद किया और देश के प्रति दिए गए उनके योगदान को स्मरण करते हुए उनकी राह पर चलने की प्रेरणा ली। छत्तीसगढ़ डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन जिला धमतरी के तत्वावधान में चाणक्य भवन रूद्री में दोपहर को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम महान इंजीनियर डा. एम. विश्वेश्वरैया के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। इसके बाद उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला।



कार्यक्रम में पहुंचे अतिथि इंजीनियर यशवंत पदमवार, इंजी एमडी पैकरा, एसोसिएशन के अध्यक्ष इंजी. गिरीश सोनी ने अपने उद्बोधन में कहा कि इंजीनियर डा. मोक्षगुण्डम विश्वेश्वरैया भारत के महान अभियंता एवं राजनायिक थे। उन्हें सन 1955 में भारत के सर्वोच्च सम्मान भारतरत्न से विभूषित किया गया। उनका जन्म 15 सितंबर 1860 को मैसूर के एक गांव में हुआ था। प्रारंभिक शिक्षा के बाद बीए किया फिर बीई प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। दक्षिण भारत का कृष्णराव सागर बांध का निर्माण उनकी महान उपलब्धि थी। उन्होंने असंभव को संभव कर दिया। बाद में उन्हें मैसूर का चीफ इंजीनियर बना दिया गया। 1912 में विश्वेश्वरैया जी मैसूर के महाराज, दीवान नियुक्त हुए। उनके सानिध्य और मार्गदर्शन में कई बड़ी बिल्डिंग, कालेज, पुलिया, पुल, बांध आदि का निर्माण किया गया जो आज भी मजबूत है।

मौके पर इंजीनियर जागृति नामदेव, इंजी. आदित्य चंद्राकर, इंजी. जयप्रकाश साहू, इंजी. प्रदीप सिन्हा, इंजी. विनोद देवान, इंजी. राजेंद्र वर्मा, इंजी. जांगड़े मैडम, इंजी. एलके वट्टी, इंजी. केके मत्स्यपाल, इंजी. शिवनाथ, इंजी एसके बघेल, इंजी. तरूण ध्रुव, इंजी. संजय कोटवानी, इंजी. मो.शोएब, इंजी. अजय संभाकर, इंजी. वासुदेव देवांगन, इंजी राजू निर्मलकर, इंजी. शोभित जैन सहित अनेक इंजीनियर शामिल रहे।

## स्वर्वेद संदेश यात्रा का आध्यात्मिक कार्यक्रम 18 सितंबर को

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

संत प्रवर श्री विज्ञान देव महाराज के पावन सान्निध्य में संचालित राष्ट्रव्यापी स्वर्वेद संदेश यात्रा का आयोजन 18 सितंबर को हरदिहा साहू समाज भवन रत्नाबांधा रोड धमतरी में संपन्न होने जा रहा है। यह यात्रा 29 जून को कश्मीर के श्रीनगर स्थित ऐतिहासिक लाल चौक पर तिरंगा लहराकर शुभारम्भ हुई थी। कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत की आत्मिक चेतना को जागृत करने के उद्देश्य से निकली यह यात्रा अब हरदिहा साहू समाज भवन रत्नाबांधा रोड धमतरी में अपने दिव्य संदेश के



साथ उपस्थित होगी। कार्यक्रम में पूज्य संत प्रवर श्री विज्ञान देव जी महाराज द्वारा जय स्वर्वेद कथा और ध्यान-साधना का अभ्यास कराया जाएगा। यह आयोजन आगामी 25 और 26 नवम्बर को वाराणसी में होने वाले 25,000 कुण्डीय स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ के निमित्त राष्ट्रव्यापी जनजागरण का एक महत्वपूर्ण चरण है, जिसका उद्देश्य है जन-जन तक आत्मिक चेतना का संदेश पहुँचाना और स्वर्वेद जैसे दिव्य ज्ञानग्रंथ की अमृतधारा से जीवन को अभिसिंचित करना। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण एवं महाप्रसाद की व्यवस्था की गयी है।

## छत्तीसगढ़ की आधी आबादी का नेतृत्व महिलाएं कर रहीं : विभा



- भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष का प्रथम शहर आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती विभा अवस्थी का धमतरी जिला में प्रथम आगमन हुआ। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा जिला धमतरी द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा श्रीमती विभा अवस्थी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में महिलाएं लगातार सशक्त हो रही हैं। 33 प्रतिशत आरक्षण देकर पहले ही मोदीजी ने महिलाओं को आगे बढ़ाया है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में 50 प्रतिशत आरक्षण के साथ छत्तीसगढ़ प्रदेश की आधे से ज्यादा आबादी का नेतृत्व महिलाएं कर रही हैं।

मौके पर प्रदेश महिला मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष श्रीमती हेमलता शर्मा, भाजपा जिला महामंत्री महेंद्र पंडित राकेश साहू जैन, वरिष्ठ भाजपा नेत्री सरला जैन, सुश्री पार्वती वाधवानी, पूर्व महापौर अर्चना चौबे, डॉ. बीथिका विश्वास, श्रीमती चित्रलेखा निर्मलकर, श्रीमती सुशीला तिवारी, गंगरेल मंडल अध्यक्ष श्रीमती मोनिका देवांगन, नगर निगम सभापति कौशल्या देवांगन, नगर पंचायत अध्यक्ष आमदी श्रीमती ज्योति साहू, प्रेमलता नागवंशी, चेलेश्वरी साहू, रितिका यादव, दमयंती गजेंद्र, चंद्रकला साहू, मीडिया प्रभारी संगीता जगताप, सरिता यादव, दमयंती गजेंद्र, नीलू डागा, प्राची सोनी, रुक्मणि सोनकर, डाली सोनी, पवित्रा दीवान, सुलोचना साहू, नीतू त्रिवेदी, दीप्ति यादव, उषा निर्मलकर, ज्योति यादव, प्रभा देवांगन, राजकुमारी मेश्राम किरण गुप्ता सहित भाजपा के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## श्रीराम का जीवन एक आदर्श है : इंदर



- लीलर (अरौद) में आयोजित रामधुनी सम्मेलन में शामिल हुए पूर्व विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम लीलर (अरौद) में संगीतमय रामधुनी सम्मेलन हुआ। मुख्य अतिथि इंदरचंद चोपड़ा पूर्व विधायक धमतरी ने कहा कि श्रीराम का जीवन एक आदर्श है। जो भगवान राम को समझ गया वह भारत को समझ गया। आगे कहा कि आज धर्मांतरण हो रहा है उसे रोकना है। अपने धर्म, अपने देवी देवता को मानना है। आज पितृ पक्ष में रामधुनी कार्यक्रम से भगवान का भजन कीर्तन करने का मौका मिलता है। श्रीमती अंगिरा ध्रुव अध्यक्ष जनपद पंचायत धमतरी ने कहा कि भगवान राम ने समाज, दीन दुखियों, वानरों, मानव का कल्याण किया। हमें उनके आदर्शों को आत्मसात करना चाहिए। रामधुनी झाकियों से परम्परा, आदर्श, जीवन का संदेश हमारी नई पीढ़ी तक पहुंचता है।

मौके पर टिकेश्वरी साहू सरपंच अरौद, हेमंत कुमार नेताम सरपंच लीलर, दिग्विजय ध्रुव, युवा मोर्चा महामंत्री गंगरेल मंडल धर्मराज सिन्हा, दीपक सिन्हा उपसरपंच, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष अगस्त नेताम, उपाध्यक्ष चित्रसेन सिंह, सचिव कल्याण नेताम, कोषाध्यक्ष कार्तिक दीवान, पूर्व सरपंच सखाराम नेताम, पूर्व जनपद सदस्य सूर्या नेताम, देवचरण सिन्हा, तीजराम सिन्हा समेत महिला कमांडो, ग्रीन आर्मी व ग्रामवासी उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ की शिक्षा, संस्कृति, खान-पान और हस्तकला का हुआ प्रदर्शन



- छग राज्य की रजत जयंती वर्ष पर मेनोनाईट इंग्लिश स्कूल में हुए कई कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छत्तीसगढ़ राज्य की रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में मेनोनाईट इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा राज्य की संस्कृति, विकास, शिक्षा, खान-पान, स्वास्थ्य और 25 वर्षों की प्रगति को प्रदर्शित करने विविध कार्यक्रम एवं प्रदर्शनी आयोजित की गई। विज्ञान मॉडल, कलाकृतियां, पारंपरिक लोक-कला एवं पारंपरिक वेशभूषा में लोक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कृति, खान-पान, गणित, विज्ञान, कला, महिला सशक्तिकरण और औद्योगिक प्रगति भी शामिल थी। प्रदर्शनी के माध्यम से राज्य की गौरवशाली यात्रा की



झलक मिली।

इस प्रदर्शनी में आकर्षक विज्ञान माडल्स, चार्ट, चित्र और कलाकृतियों के माध्यम से 25 वर्षों के दौरान छत्तीसगढ़ की शिक्षा, संस्कृति, खान-पान और हस्तकला को दर्शाया। छात्रों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी में विज्ञान के विभिन्न प्रयोगों के वर्किंग माडल्स प्रदर्शित किए गए, साथ ही छात्रों द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं शासन की योजनाओं पर भी मॉडल बनाए गए। छात्रों ने छत्तीसगढ़ की विविध कलाकृति एवं चित्रकला के माध्यम से राज्य की उपलब्धियों एवं भविष्य की योजनाओं को प्रदर्शित किया। प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य छात्रों एवं अभिभावकों को छत्तीसगढ़ की संस्कृति एवं विकास के प्रति जागरूक करना है। इस सराहनीय कदम के लिए अभिभावकों ने शाला प्रबंधन समिति एवं शाला की प्राचार्या श्रीमती एचके खालसा की प्रशंसा की।

## बकायादारों के खिलाफ निगम की कार्रवाई

**धमतरी।** निगम की वसूली टीम ने सोमवार को कार्रवाई करते हुए टैक्स नहीं पटाने वाले बकायादारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की। पिछले दिनों 10 दुकानों पर तालाबंदी की कार्रवाई की। अब नल कनेक्शन का टैक्स नहीं देने पर 4 बकायादारों का नल कनेक्शन मौके पर काटा गया। साथ ही वसूली की कार्रवाई करते हुए स्पॉट में टैक्स के रूप में 13500 रूपये की वसूली की गई, जिसकी रसीद दी गई। यह कार्रवाई रिसाईपारा पूर्व वार्ड में की गई। जलकर के साथ दुकानों का किराया, संपत्ति कर, समेकित कर आदि की वसूली की जा रही है।

क्रमांक-3 टीम प्रभारी मो. शेरखान के साथ सहयोगी चैतन्य सिंह चंदेल, पंचराम खिलावन रजक, कन्हैया,सनी वाल्मिकी, नल मिस्त्री, लेबर थे। टीम प्रभारी ने बताया कि आयुक्त के आदेश और उपायुक्त के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई चल रही है जो निरंतर जारी रहेगी। बकायादारों की लिस्ट बनाकर नोटिस भेजा गया है। हर हाल में टैक्स की वसूली कर लक्ष्य की पूर्ति की जाएगी।

## भगवान राम का जीवन आदर्श, मर्यादा और कर्तव्य परायणता का प्रतीक है : रंजना

**धमतरी।** ग्राम रत्नाबांधा में आरबीडी ग्रुप एवं ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में रामधुनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। श्रीमती रंजना साहू ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की पूजा- अर्चना कर क्षेत्रवासियों की खुशहाली की कामना करते हुए कहा कि प्रभु श्रीराम का जीवन आदर्श, मर्यादा और कर्तव्य परायणता का प्रतीक है। उनके आदर्शों को अपनाकर हम अपने जीवन को न केवल सफल बना सकते हैं, बल्कि समाज और राष्ट्र की सेवा में भी योगदान दे सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि राम नाम ही कलियुग में मोक्ष का एकमात्र माध्यम है। भक्ति और सत्संग के माध्यम से हम अपने भीतर सकारात्मक ऊर्जा का संचार कर सकते हैं। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती धनेश्वरी साहू ने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन से समाज में एकता, सद्भाव और आध्यात्मिक चेतना का विकास होता है। श्रीमती धनेश्वरी साहू ने कहा कि यह आयोजन ग्रामीण संस्कृति की जीवंत मिसाल है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में रामधुनी मंडलियों ने विभिन्न कथाओं को श्रोतादीर्घा को परोसा।

## चारभाठा में विश्वकर्मा जयंती समारोह 17 को

- 18 को छत्तीसगढ़ी मोर मयारू नाचा की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

ग्राम पंचायत चारभाठा में विश्वकर्मा बाबा मिस्त्री संघ एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 17 सितंबर को विश्वकर्मा जयंती का आयोजन किया गया है। बुधवार को सुबह 10 बजे से कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। बाबा विश्वकर्मा की विधिवत मूर्ति स्थापना भी होगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर विधायक कुरूद होंगे। अध्यक्षता गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिपं धमतरी करेंगे। विशिष्ट अतिथि शकुन्तला रूपचंद देवांगन सभापति जपं कुरूद, चन्द्रकला मेमचंद देवांगन सरपंच चारभाठा, निरंजन साहू उपसरपंच



चारभाठा, रघुनंदन साहू पूर्व अध्यक्ष जिपं धमतरी, नारायण देवांगन आरआई मगरलोड, मेघराज साहू व्यवस्थापक गुदगुदा, टेकराम सोनकर प्राचार्य गुदगुदा, सुखीतलाल सोनकर शिक्षक, नेमुचंद सोनकर ग्राम पटेल होंगे। 18 सितंबर गुरुवार को मनोरंजन के लिए रात्रिकालीन कार्यक्रम छत्तीसगढ़ी मोर मयारू नाचा पार्टी छेड़िया भरदा जिला बालोद की प्रस्तुति होगी।

### प्राशा संकरी में मनाया गया हिंदी दिवस

**सिर्री।** आज 14 सितम्बर को राष्ट्रीय हिंदी दिवस है। इसी तारतम्य में शासकीय प्रा.शा. संकरी में 13 सितंबर को बस्ताविहीन क्रियाकलाप अंतर्गत हिंदी दिवस मनाया गया। शिक्षकों द्वारा हिंदी का महत्व बताते हुए बच्चों से पोस्टर लेखन करवाया गया। हिंदी में कविता, कहानी लेखन के लिए प्रेरित किया गया। बच्चों को छत्तीसगढ़ी के साथ हिंदी में संवाद करने के लिए प्रेरित किया गया।




















